पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर )

—————

**राज्यपाल की प्रेरणा से राजभवन में बाराबंकी चैनपुरवा कायाकल्प फाउंडेशन नारी शक्ति सम्मान समारोह संपन्न**

——————

**108 महिलाओं को साड़ी तथा पांच एस0एच0जी0 की महिलाओं को बीज वैक्स के दीपक बनाए जाने हेतु पारिश्रमिक के तौर पर प्रत्येक को रू0 12,500 का चेक वितरण**

——————

**राज्यपाल ने चैनपुरवा के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों के स्टॉलों का किया अवलोकन**

—————

**अवैध शराब के व्यवसाय से चैनपुरवा गांव को निकालने की अनूठी पहल**

—————

**जीवन में उजाला लाना है तो दीपक जलाना पड़ेगा और दीपक जलाने वाले को आगे आना होगा**

—————

**समाज में परिवर्तन लाना है तो महिलाओं को शिक्षित करना जरूरी**

—————

**भारत का भविष्य उज्ज्वल बनाना है तो एक–एक बच्चे का हाथ पकड़ना पड़ेगा**

**–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

—————

लखनऊ : 08 नवम्बर, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन में बाराबंकी के गांव चैनपुरवा कायाकल्प फाउंडेशन नारी शक्ति सम्मान समारोह संपन्न हुआ।

विदित है कि बाराबंकी के चैनपुरवा गांव में निवासी अवैध शराब बनाने के कार्य मे संलिप्त थी। चैनपुरवा कायाकल्प फाउंडेशन के तहत तत्कालीन पुलिस अधीक्षक डॉ अरविंद चतुर्वेदी के नेतृत्व में गांव की महिलाओं की दशा में बदलाव लाते हुए उन्हें विभिन्न रोजगारपरक और आय सृजन के कार्यक्रमों

में शामिल कर सामाजिक बदलाव लाया गया। इसी क्रम में आज राजभवन में इन महिलाओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि यह हम सबके लिए प्रेरणा प्राप्त करने का अवसर है। वर्षों तक चले आ रहे अवैध शराब के व्यवसाय से चैनपुरवा गांव को निकालने की अनूठी पहल व महिलाओं के आय सृजन हेतु विभिन्न रोजगारपरक व्यवसायों में उन्हें संलग्न कर समाजिक बदलाव लाने हेतु डॉ0 अरविंद चतुर्वेदी एवं पूरी टीम को राज्यपाल जी ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि समाजिक परिवर्तन हेतु लोगों को तैयार करना, उनमें विश्वास पैदा करना और समझाना कठिन होता है। ऐसे लोगों का विश्वास जीतना महत्वपूर्ण है।

चैनपुरवा गांव की महिलाओं द्वारा बीज वैक्स के माध्यम से दीपक बनाने के कार्य की सराहना करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि दीपक जलता है, तो प्रकाश आता है, अंधेरा दूर होता है। यदि जीवन में उजाला लाना है तो दीपक जलाना पड़ेगा और दीपक जलाने वालों को आगे लाना होगा। सामाजिक बदलाव को महिलाओं के माध्यम से करने को राज्यपाल जी ने बेहतर कार्य बताया और कहा कि आज एक गांव में बदलाव आया है इससे दूसरे गांव में संदेश जाएगा। अच्छे कार्य व अच्छे परिणाम हमेशा दूसरों तक पहुंचते हैं। उन्होनें कहा कि सरकार की लाभार्थीपरक योजनाओं को घर–घर तक पहुंचाया जाए तभी सार्थक परिणाम सामने आएंगे।

राज्यपाल जी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह परिवर्तन महिलाओं के परिश्रम के बदौलत है। उन्होनें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के उचित प्रशिक्षण और उनके उत्पादों की प्रदर्शनी लगाए जाने हेतु कहा। राज्यपाल जी ने कहा कि समाज में परिवर्तन लाना है तो महिलाओं को पढ़ना पड़ेगा उन्हें शिक्षा प्रदान करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं आगे आई हैं और महिलाओं के द्वारा

किए जा रहे कार्यों से उनके पति भी जुड़े हैं। राज्यपाल जी ने महिलाओं को बाल विवाह व दहेज प्रथा के बहिष्कार करने हेतु प्रेरित किया।

राज्यपाल जी ने कहा कि एक भी बेटी अनपढ़ न रहे। उन्होंने कहा कि संविधान में भी 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों के निशुल्क शिक्षण हेतु व्यवस्था है। इस क्रम में उन्होंने उम्मीद संस्था का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने भिक्षावृत्ति में संलग्न बच्चों को शिक्षा से जोड़ा है ।

राज्यपाल जी ने कहा कि भारत का भविष्य उज्ज्वल बनाना है तो एक–एक बच्चे का हाथ पकड़ना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हंसते रहिए, काम करते रहिए, झगड़ा मत कीजिए, एक दूसरे का सहयोग कीजिए, नई–नई चीज करते रहिए और बच्चों को पढ़ाते रहिए।

इस अवसर पर कायाकल्प फाउंडेशन के जनक डॉ अरविंद चतुर्वेदी ने राज्यपाल जी समेत उपस्थित गणमान्यों का चैनपुरवा में परिवर्तन की पहल का समर्थन करने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो0 राणा प्रताप सिंह ने सामाजिक बदलाव के ज्वलन्त प्रतीक के तौर पर चैनपुरवा गांव का जिक्र करते हुए कहा कि राष्ट्र के सामाजिक विकास में सभी को कोई ना कोई विशिष्ट भूमिका निभानी चाहिए।

समारोह में राज्यपाल जी द्वारा चैनपुरवा गांव से आयी 108 महिलाओं को साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया तथा पांच स्वयं सहायता समूह की प्रतिनिधि पांच महिलाओं को बीज वैक्स के दीपक बनाए जाने हेतु पारिश्रमिक के तौर पर प्रत्येक को रू0 12,500 का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर डब्लू0एच0ओ0 तथा गांव कनेक्शन द्वारा चैनपुरवा पर निर्मित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन तथा आकाशवाणी लखनऊ द्वारा चैनपुरवा में आए परिवर्तन पर रूपक ”चैनपुरवा का चैन” के अंशों का ऑडियो प्रसारण भी किया गया।

कार्यक्रम में चैनपुरवा गांव की महिला द्वारा राज्यपाल जी को बीजवैक्स के दीप भेंट किये गये तथा चैनपुरवा की कहानी व गांव की आकांक्षा को गांव की बेटी शुभ्रा द्वारा व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर राज भवन परिसर में चैनपुरवा गांव की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित विभिन्न वैक्स तथा अन्य उत्पादों यथा मस्टर्ड हनी, यूकेलिप्टस हनी, मल्टी फ्लावर हनी, वैक्स दीप, मोमबत्ती, मंदिर, मूर्ति, नवग्रह की लकड़ी, शॉल, धूपबत्ती आदि की लगायी गई स्टॉल का निरीक्षण भी राज्यपाल जी द्वारा किया गया।

समारोह में न्यायमूर्ति अशोक कुमार, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड अध्यक्ष, श्री प्रवीर कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री एस0एन0 सावंत, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रो0 आलोक कुमार राय, एस0एस0पी0 विजिलेंस तथा समारोह के मुख्य आयोजक डॉ अरविंद चतुर्वेदी, श्री निमित सिंह सहित चैनपुरवा गांव की महिलाएं, बच्चे आदि उपस्थित रहे।

———————

राम मनोहर त्रिपाठी–सहायक निदेशक सूचना
डा0 सीमा गुप्ता–सहायक निदेशक सूचना
कृष्ण कुमार–सूचना अधिकारी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र 9454468250










